लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 585

03 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज एम्पोरियम

585. श्री यूसुफ पठान:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज एम्पोरियम पर 202 करोड़ रुपये बकाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त बकाया राशियों के लंबित रहने की अवधि क्या है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2014 से लेकर अब तक प्रति वर्ष अर्जित औसत राजस्व और लाभ का ब्यौरा क्या है तथा वर्तमान औसत दैनिक बिक्री कितनी है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईसी) की दिनांक 31 मार्च, 2025 तक की नवीनतम लेखापरीक्षित शीट के अनुसार, निगम की कुल बकाया देय राशि 144.82 करोड़ रुपये है। इसमें कारीगरों और बुनकरों से सीसीआईसी व्यापार के लिए खरीदी गई वस्तुओं और सेवाओं के लिए व्यापार देय राशि (मुख्य रूप से 2020 के बाद की अवधि से संबंधित), कर्मचारी-संबंधित बकाया राशि (2020-2025 की अवधि के दौरान), और अन्य देनदारियां (1999 के बाद से) शामिल हैं।

(ग): वर्ष 2014-15 से सीसीआईसी के औसत राजस्व और लाभ/हानि का वर्ष-वार ब्यौरा, साथ ही प्रति दिन की औसत बिक्री निम्नानुसार है:-

वर्ष	टर्नओवर (सकल) करोड़ रुपए	*लाभ (+) / हानि (–) करोड़ रुपए	प्रतिदिन औसत बिक्री करोड़ रुपए
2014-15	82.84	+0.93	0.23
2015-16	85.92	+0.21	0.24
2016-17	87.63	+0.08	0.24
2017-18	71.26	–21.74	0.20
2018-19	68.09	–5.39	0.19
2019-20	52.61	–9.25	0.14
2020-21	10.83	–29.92	0.03
2021-22	22.38	–24.38	0.06
2022-23	46.44	–13.01	0.13
2023-24	49.00	–13.67	0.13
2024-25	41.10	–16.26	0.11

* कर के बाद राजस्व

***